卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 42 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦18 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444627
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## प्रदूषण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार


नई दिल्ली (उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से जीआरएपी-4 के तहत प्रदूषण को रोकने के उपायों को लागू करने में देरी पर सवाल उठाया। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि वह बिना पूर्व अनुमति के प्रदूषण रोकने या कम करने के उपायों को हटाने या कम करने की अनुमति नहीं देगा। जस्टिस अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण 4 के तहत निवारक उपायों के कार्यान्वयन में देरी हुई।



इससे पहले सुनवाई की शुरुआत में दिल्ली सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि दिल्ली में जीआरएपी का चरण 4 सोमवार से लागू हो गया है। इसके तहत भारी वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस पर पीठ ने वकील से कहा कि जैसे ही एक्यूआई 300 से 400 के बीच पहुंचता है, चरण 4 लागू करना होता है। आप जीआरएपी के चरण 4 में देरी करने का जोखिम कैसे उठा सकते हैं? कोर्ट ने कहा कि कोर्ट जानना चाहता है कि उसने प्रदूषण के स्तर में खतरनाक बढ़ोतरी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं? पीठ ने कहा कि हम चरण 4 के तहत (शेष पृष्ठ सात पर)

## यूट्यूबर सौरभ जोशी से विश्नोई गैंग ने मांगी दो करोड़ की फिरौती

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।यूट्यूबर सौरभ जोशी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दो करोड़ की फिरौती मांगी है और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पांच दिन में पैसा देने के लिए कहा गया है। मामले में सौरभ जोशी जोशी की तहरीर पर पुलिस



ने कई धाराओं में मुकदमादर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ओलिविया रामपुर रोड हल्द्वानी निवासी यूट्यूब सौरभ जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। इस पत्र मे उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई है। सौरभ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बहुत भयभीत है।धमकी भरे पत्र में लिखा है "नमस्ते सौरव जोशी, मैं करन बिश्नोई ,लॉरेंस बिश्नोई गैंग से हूं, यह पत्र आपको एक महत्वपूर्ण सूचना देने के लिए भेजा जा रहा है। हमारे बॉस लॉरेंस बिश्नोई ने आपको हमारी गैंग को दो करोड़ रुपये नकद देने का आदेश दिया है। यदि आप (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस सिड़कुल क्षेत्र में लेबर अड्डे के पास केंटर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए दिहाड़ी मजदूर की सोमवार को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका शव यहां उसके आवास हनुमान मंदिर के पास ट्रांजिट कैम्प पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। समाजसेवी व भाजपा नेता सुरेश गौरी ने दुखित परिवार की आर्थिक मदद कर अंतिम संस्कार में सहयोग किया। बताया जाता है कि 35 वर्षीय धर्मेन्द्र पुत्र स्व. राजकुमार हनुमान मंदिर के पास ट्रांजिट कैम्प में अपनी दिव्यांग पत्नी सावित्री, 8 वर्षीय पुत्री व 7 तथा 3 वर्ष के दो पुत्रों के साथ रहकर दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गत प्रातः वह रोज की तरह सिड़कुल मजदूर अड्डे पर रोजगार के लिए खड़ा था। इसी बीच तेज गति से जाते केंटर संख्या डीएल 1 एलएई 8149 के चालक ने उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने केंटर चालक को पकड़कर वाहन सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल धर्मेंन्द्र को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## यूपीसीएल के खिलाफ फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा

### प्रीपेड मीटर लगाने को लेकर धरना प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत विभाग द्वारा घरों से इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटाकर उसके स्थान पर प्रीपेड मीटर लगाए जाने का यहां कांग्रेसियों ने सख्त विरोध किया। बाजपुर रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगाए जाने से गरीब तबके के परिवारों पर इसका खासा असर पड़ेगा। उन्होंने तल्ख लहजे में चेतावनी दिया कि यदि सरकार ने अपने इस स्क्रीम को



वापस नहीं लिया तो भविष्य के परिणाम गंभीर होंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस आशय का ज्ञापन अधिशासी अभियंता को भी सौंप कर अभिलंब कार्यवाही की मांग किया। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन ने काशीपुर में इलेक्ट्रॉनिक मीटर के स्थान पर प्रीपेड मीटर लगाए जाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यूपीसीएल के इस कार्यवाही का विरोध किया। अपने वक्तव्य में कांग्रेस प्रदेश कमेटी के सचिव अरुण चौहान ने कहा कि यूपीसीएल के इस कारनामे का आम जनता पर बड़ा फर्क पड़ेगा। पावर कॉरपोरेशन के इस निर्णय से क्षेत्र की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। श्री चौहान ने सरकार का यह तुगलकी फरमान बताया। धरना प्रदर्शन के दौरान अपने-अपने वक्तव्य में कांग्रेसियों ने कहा (शेष पृष्ठ सात पर)

## चालक को पड़ा अटैक,बस पेड़ से भिड़ी


### रामनगर से गुड़गांव जा रही थी बस,चालक सहित दो लोग घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर से गुड़गांव जा रही रोडवेज बस के चालक को अचानक अटैक पड़ गया, जिस कारण वह बस से नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे जंगल में जाकर पेड़ से टकरा गयी। घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। हादसे में चालक सहित दो लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार



सोमवार सुबह 11 बजे उत्तराखंड परिवहन निगम की रामनगर डिपो की एक बस रामनगर से यात्रियों को लेकर गुड़गांव के लिए रवाना हुई थी। बताया जाता है कि इसी बीच हल्दुआ के समीप बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस समीप में ही सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर गड्ढे में जाकर रुक गई। घटना के दौरान बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ।बताया जाता है कि बस चालक शाहिद निवासी मुरादाबाद का अचानक स्वास्थ्य खराब होने के बाद उसे अटैक पड़ गया जिसके बाद वह बस से नियंत्रण खो बैठा और बस पेड़ से टकराने के बाद एक गड्ढे में जाकर रुक गई। हादसे में चालक के अलावा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## खाई में गिरा ट्रक,चालक परिचालक गंभीर



हरिद्वार(उद संवाददाता)। मंगलौर बाईपास से गुजर रहे ट्रक चालक को नींद की झपकी आ गई। जिसके चलते ट्रक हाईवे किनारे खाई में जा पलटा। हादसे में चालक और परिचालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने रेस्क्यू चलाकर चालक और परिचालक को मुश्किल से बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस के अनुसार, सोमवार की सुबह मुजफ्फर नगर से एक ट्रक सामान लेकर सिडकुल बहादराबाद के लिए निकला था। जैसे ही ट्रक मंगलौर हरिद्वार बाईपास पर नगला इमरती गांव से कुछ दूरी पर पहुंचा तो एक ढाबे के सामने अचानक अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे खाई में पलट गया। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस और दमकल (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिरौली कला का विकास नहीं चाहते बेहड़ः शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सरकार द्वारा सिरौली कला पर संवैधानिक निर्णय नहीं बल्कि प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। उन्होने आरोप लगाया कि विधायक तिलक राज बेहड़ सिरौली को लेकर के



गलत बयान बाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेहड़ विकास के मुद्दे पर बहस करें। सोमवार को प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक शुक्ला ने तिलकराज बेहड़ पर हमला बोलते हुए कहा कि वह सिरौली का विकास करना ही नहीं चाहते हैं और यदि सिरौली का विकास करना चाहते तो सिरौली को अलग से प्रतिनिधित्व देने की पैरवी करते।उन्होंने कहा कि उनके ही कार्यकाल में एम्स जैसा ट्रॉमा सेंटर लेकर आए हैं। कलकत्ता फॉर्म में उन्होंने 100 गज जमीन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का निर्णय कराया है। जिस क्षेत्र में एम्स आया हो 100 एकड़ में स्मार्ट सिटी जैसे औद्योगिक संस्थान स्थापित किए हैं।उन्होंने कहा कि केवल तुष्टिकरण की राजनीति करना करना ही मौजूदा विधायक का उद्देश्य हो गया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा (शेष पृष्ठ सात पर)

## तेरहवीं संस्कार



द्रवित हृदय से सूचित कर रही हूँ कि मेरे पूज्य पति **संजीव वर्मा जी ( पुत्र स्वर्गीय शंभूनाथ वर्मा जी )** का स्वर्गवास 7 नवम्बर 2024 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति हेतु **तेरहवीं संस्कार 20 नवम्बर 2024 दिन बुधवार** को दोपहर 1 से 3 बजे स्थान कम्युनिटी हॉल, एलायंस कॉलोनी काशीपुर रोड, रुद्रपुर में सम्पन्न होगा।

**शोकाकुल परिवार**

पिंकी वर्मा (पत्नी)
संदीप वर्मा (ARTO रामनगर)-पूजा वर्मा (भाई-भाभी)
पूनम सिंह-राजेश सिंह (बहन-जीजाजी), सुमन सिंह-वीरेन्द्र सिंह (बहन-जीजाजी)
आर्यन सिंह,आयुषी सिंह (पुत्र/पुत्री), शौर्य सिंह-श्रेया सिंह (भतीजा-भतीजी)
मो०- 9837903787, 708888978

# केदारनाथ उपचुनाव में शराब का खेल, वीडियो वायरल

## भाजपा नेता की गाड़ी में पकड़ी शराब की पेटियां, कांग्रेसियों ने काटा जमकर हंगामा
## बीजेपी ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र ,कांग्रेस पर लगाया दुष्प्रचार करने का आरोप

रुद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधानसभा के चोपता क्षेत्र में कथित भाजपा नेता के वाहन से शराब पकड़ी गई है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वाहन में शराब की पेटियां पकड़कर जमकर हंगामा काटा। केदारनाथ उपचुनाव के बीच बीती रात तल्लानागपुर के चोपता में शराब बरामद होने की घटना से सियासत तेज हो गई है। एक कार और यूटिलिटी गाड़ियों से बरामद इन शराब की पेटियों को लेकर







जहां एक ओर कांग्रेस ने इसे भाजपा की शराब बता चुनाव आयोग से शिकायत की है। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में खुलेआम शराब बाटी जा रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तल्लानागपुर चोपता क्षेत्र में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की गाड़ी और एक अन्य गाड़ी में शराब बरामद हुई। वहीं शराब की पेटियों के साथ वाहन पकड़े जाने के कई वीडियो भी शोसल मीडिया पर वायरल हो रहे है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देर रात्रि शराब की खेप पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग की है। वहीं खुलेआम शराब की गाड़ियों में शराब बांटने को लेकर अब सियासी घमासान भी छिड़ गया है। कांग्रेस ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि आखिर चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग के जांच दल और पुलिस प्रशासन द्वारा किये जा रही व्यवस्थाओं और चैकिंग के दावे की पोल खुल गई है। वहीं दूसरी और भाजपा ने इसे कांग्रेस का षड्यंत्र बताते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की गई है। वहीं कार वाला राष्ट्रीय पार्टी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। रविवार देर रात कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चोपता के नजदीक दो गाड़ियों में शराब का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसमें से एक गाड़ी राष्ट्रीय पार्टी के कार्यकर्ता की थी। इसके बाद इस स्थान पर भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी मनोज रावत, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत समेत कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मौके पर आयी पुलिस के साथ भी कार्यकर्ताओं की नोकझोंक हुई। देर रात भारी हंगामे के बाद इस पर कार्रवाई हुई। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत का कहना है कि भाजपा चुनाव हार रही है, इसलिए हमारी नस्लों को बर्बाद करने के लिए घर-घर शराब परोसी जा रही है। जिसमें शासन-प्रशासन भी मिला हुआ है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले पर सख्त कार्रवाई करने का निवेदन किया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि दुष्प्रचार के सहारे कांग्रेस फिर कुछ कारनामा करने की सोच रही है। लेकिन झूठ को सौ बार भी बोला जाए तो वह सच नहीं हो सकता। चोपता बाजार में शराब की जो गाड़ी पकड़ी गई वह किसकी है? ड्राइवर तो कांग्रेसी होने की सूचना है। हमारे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने तत्काल मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की है। कांग्रेस शराब से भाजपा का नाम जोड़कर चुनाव को प्रभावित करने का हथकंडे अपना रही है। लेकिन जनता का क्या करेगी, उन्हें सब पता है। पहले पहाड़ को डेनिस के मकड़जाल में फंसाने वाले अब दुष्प्रचार को हवा दे रहे हैं। मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार ने चुनाव पर्यवेक्षक को भेजे पत्र में कहा कि चोपता बाजार के निकट कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए शराब सप्लाई की जा रही थी। इसकी भनक जैसे ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को लगी तो उनके द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जैसे ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को यह जानकारी मिली कि पुलिस उनका पीछा कर रही है। वह स्वयं वीडियो बनाने लगे व गाली गलौज करते हुए यह दुष्प्रचार करने लगे कि यह शराब भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सप्लाई की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिस संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उक्त समय पर घटनास्थल पर थे। उससे पूर्णत: स्पष्ट होता है कि यह घटना भाजपा की छवि को धूमिल करने की मंशा से पूर्व नियोजित प्रतीत होता है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के माध्यम से भी स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता शराब के नशे में धुत थे। उनके द्वारा भारतीय जनता पार्टी का झंडा व शराब हमारे कार्यकर्ता के निजी वाहन में भी रखा जा रहा था, जो कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के साथ-साथ दंडनीय अपराध है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने उक्त प्रकरण की जांच करते हुए दोषी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। दुष्प्रचार के सहारे कांग्रेस फिर कुछ कारनामा करने की सोच रही है, लेकिन झूठ को सौ बार भी बोला जाए तो वह सच नही हो सकता। चोपता बाजार मे शराब की जो गाड़ी पकड़ी गयी वह किसकी है? ड्राइवर तो कांग्रेसी होने की सूचना है। हमारे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने तत्काल मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग की है। कांग्रेस तो शराब से भाजपा का नाम जोड़कर चुनाव को प्रभावित करने का हथकंडा अपना रही है, लेकिन जनता का क्या करेगी। उसे सब पता है। पहले पहाड़ को डेनिस के मकड़जाल मे फंसाने वाले अब दुष्प्रचार को हवा दे रहे हैं।

## प्रत्यक्षम किम प्रमाणम ,जनता को बरगलाने पर उतर आई भाजपा : दसौनी

देहरादून/चोपता। केदारनाथ उपचुनाव में शराब का खेल भी शुरू हो गया। रविवार की रात चोपता बाजार में शराब से लदी कार और एक अन्य वाहन पकड़ा गया। कार के शीशे में सदस्य भाजपा कार्यसमिति का स्टिकर लगा हुआ था। दून नंबर की कार व ट्रक पकड़े जाने पर कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत, विक्रम नेगी और पार्टी कार्यकर्ताओं ने हंगामा खड़ा कर दिया। सभी मिलकर भाजपा के खिलाफ नारे लगाने लगे। रात में उखीमठ पुलिस- प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए। इस मुद्दे के भड़कने के बाद केदार विधानसभा के प्रचार ने नया रुख अख्तियार कर लिया है। सोमवार को इस मुद्दे पर भाजपा व कांग्रेस एक दूसरे को दोषी ठहराने पर तुली है। माहौल गर्म हो रखा है। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि जिस गाड़ी को शराब ले जाते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पकड़ा उस पर साफ तौर से भाजपा कार्यसमिति सदस्य लिखा हुआ है। चोपता के बाजार मे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की गाड़ी में पकड़ी गई शराब को लेकर भाजपा का बयान उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत को चरितार्थ कर रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि केदारनाथ चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर है, इस पकड़ी गई शराब और व्यापक स्तर पर हो रही भाजपा की किरकिरी पर भारतीय जनता पार्टी बौखलाहट में पुलिस प्रशासन और जनता को बरगलाने और झूठ परोसने पर उतर आई है। दसोनी ने कहा "प्रत्यक्षम किम प्रमाणम"प्रत्यक्ष को प्रमाण की कोई जरूरत नहीं होती कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने रात को ही सोशल मीडिया पर लाइव के माध्यम से जनता के सामने सारा सच रख दिया है जिसमें कहीं शक की कोई गुंजाइश नहीं बचती। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के वह पदाधिकारी जो विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पर झूठा आरोप लगा रहे हैं वह बताएं कि उन्होंने तुरंत वीडियो क्यों नहीं बनाया और शिकायत क्यों नहीं की?एक ओर जहां शराब पकड़ी गई वहां कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी मनोज रावत ,प्रताप नगर विधायक विक्रम नेगी, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, जयेंद्र रमोला ,संतोष रावत इत्यादि ने स्वयं मौजूद थे। भाजपा नेता कहां थे? दसौनी ने कहा कि जब रायता फैल गया तब भाजपाइयों को झूठ का सहारा लेना पड़ रहा है। गरिमा ने कहा कि राज्य सरकार के आदेश पर जहां एक तरफ स्थानीय लोगों की गाड़ियों की सघन तलाशी ली जा रही है, दूसरी तरफ विधानसभा क्षेत्र में किसी भी सरकारी अधिकारी की तरफ से भाजपा नेताओं और हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली रजिस्ट्रेशन के वाहनों की तलाशी नहीं ली जा रही है।

## आज शाम थमेगा चुनाव प्रचार: भाजपा और कांग्रेस सहित छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए आज प्रचार बंद हो जाएगा। 20 नवंबर को मतदान और 23 को मतगणना होगी। शांतिपूर्ण मतदान और मतगणना के लिए निर्वाचन विभाग और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष 9 जुलाई को केदारनाथ विस की विधायक शैलारानी रावत के निधन से सीट खाली हो गई थी। 15 अक्तूबर को भारत निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की अधिसूचना जारी की थी। 22 से 29 अक्तूबर तक नामांकन प्रकिया के तहत 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। इस उपचुनाव में भाजपा से आशा नौटियाल, कांग्रेस से मनोज रावत, उक्रांद से डॉ आशुतोष भंडारी के अलावा निर्दलीय त्रिभुवन चौहान, आरपी सिंह और प्रदीप रोहन रुढ़िया हैं। बीते 17 दिनों से सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। आज शाम 5 बजे प्रचार खत्म हो जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार ने बताया कि केदारनाथ विस उप चुनाव में कुल 90875 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए 173 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। 18 नवंबर को दूरस्थ गौंडार, रांसी, चिलौंड मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी, जबकि 19 नवंबर को अन्य शेष पार्टियां रवाना की जाएंगी। उन्होंने बताया शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं।

# शीतकाल के लिए बंद हुए श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट

## सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों और जय बदरी विशाल के उदघोष के साथ सम्पन्न हुई पूजा ,इस साल 14 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

चमोली(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार 17 नवंबर को सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों और जय बदरी विशाल के उदघोष के साथ विधि-विधान से रात्रि 9 बजकर 07 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। धाम की यात्रा बंद होने के साथ ही उत्तराखण्ड की इस बार की चार धाम यात्रा भी विधिवत संपन्न हो गई है। मंदिर के कपाट बंद होने के मौके पर करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए।बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद करने की प्रक्रिया रविवार शाम शयन आरती के साथ शुरू हुई। मंदिर में रावल अमरनाथ नंबूदरी, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, अमित बंदोलिया ने कपाट बंद करने की प्रक्रियाओं को परंपराओं के अनुसार पूर्ण किया। इस दौराम श्री उद्धव जी एवं कुबेर जी के चल विग्रह मंदिर के गर्भ गृह से बाहर लाए गए। जिसके पश्चात रावल अमरनाथ नंबूदरी ने स्त्री रूप धारण कर मां लक्ष्मी को मंदिर गर्भगृह में विराजममान किया और भगवान बदरी विशाल को माणा महिला मंगल दल की ओर से बुना गया घृत कंबल ओढ़ाया गया। इन सभी




प्रक्रियाओं को सम्पन्न करने के बाद रात्रि 9 बजकर 07 मिनट पर रावल अमरनाथ नंबूदरी ने श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद किए। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के मौके पर श्री बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की ओर से मंदिर को 15 कुंतल गेंदे के फूलों से सजाया गया था। वहीं, जहां देर शाम से मंदिर में कपाट बंद करने की धार्मिक परंपराओं के साथ पूजा-अर्चना की गई, वहीं मंदिर के प्रांगण में स्थानीय लोक कलाकारों तथा महिला मंगल दल बामणी, पांडुकेश्वर ने लोक नृत्य और जागर की प्रस्तुति दी। धाम में सेना की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन किया है। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि इस यात्रा वर्ष श्री बदरीनाथ धाम यात्रा का सफल समापन हो रहा है। सवा चौदह लाख से अधिक संख्या में तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किये हैं। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज 17 नवंबर, रविवार रात्रि को भगवान बदरी विशाल के कपाट बंद होने के बाद कल सोमवार प्रात: 18 नवंबर, सोमवार को 10 बजे श्री उद्धवजी, श्री कुबेर जी एवं रावल जी सहित आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी योग बदरी पांडुकेश्वर प्रस्थान करेंगी।श्री उद्धव जी एवं कुबेर जी शीतकाल में पांडुकेश्वर प्रवास करेंगे तथा 18 नवंबर को पांडुकेश्वर प्रवास के बाद 19 नवंबर को आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी रावल धर्माधिकारी वेदपाठी सहित श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ प्रस्थान करेगी। इसके बाद योग बदरी पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में शीतकालीन पूजायें भी शुरू हो जाएंगी। इस मौके पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित अन्य लोग मौजूद थे। बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। हालांकि, पिछले दो साल की तुलना में इस साल श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी आई है, मगर श्रद्धालुओं में खूब उत्साह रहा। एक माह में धाम में तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जबकि इस यात्राकाल में 14 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे। इस साल 12 मई को बदरीनाथ धाम की यात्रा शुरू हुई थी और 17 नवंबर को कपाट बंद कर दिए गए। 190 दिन चली यात्रा में इस साल 14 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे, जबकि 2023 में 18 लाख 42 हजार 19 और 2022 में 17 लाख 60 हजार 646 श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचे थे। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल 12 प्रतिशत तो 2022 की तुलना में आठ प्रतिशत श्रद्धालुओं की संख्या कम रही। वर्ष 2023 में 16 हजार श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ के दर्शन किए थे। इस साल आखिरी एक माह में श्रद्धालुओं की संख्या में खासा इजाफा देखने को मिला। बीते 16 अक्तूबर को धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 11,33,926 थी, जो 17 नवंबर को कपाट बंद होने पर 14 लाख से अधिक पहुंच गई। इस साल धाम में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के पीछे कई कारण माने जा रहे हैं। पिछले साल धाम की यात्रा 27 अप्रैल को शुरू हुई थी, जबकि इस साल 15 दिन बाद यात्रा शुरू हुई। उत्तराखंड चारधाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत के महासचिव डॉ. बृजेश सती का कहना है कि धाम में यात्रियों के कम संख्या में पहुंचने का मुख्य कारण ऑनलाइन पंजीकरण और यात्रियों की संख्या सीमित करना भी रहा है। यात्रा के शुरू में हरिद्वार और ऋषिकेश से ऑफलाइन पंजीकरण वाले यात्रियों को भेज दिया गया। साथ ही इस साल यात्रा 15 दिन देर से शुरू हुई, जिससे धाम में यात्रियों की संख्या में गिरावट आई। अगले यात्रा सीजन में सरकार को पंजीकरण व संख्या सीमित करने को लेकर विचार करना होगा।

# डॉल्फिन के श्रमिकों की समस्याओं को लेकर डीएम से मिला शिष्ट मण्डल

रूदपुर(उद संवाददाता)। डॉल्फिन कंपनी के आंदोलनरत कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर कांग्रेस का एक शिष्टमंडल सोमवार को उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मिला। इस दौरान कांग्रेस शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को डॉल्फिन कंपनी के आंदोलनरत कर्मचारियों की मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस शिष्टमंडल ने मांग की है कि पिछले लंबे समय से गांधी पार्क में धरना दे रहे और आमरण अनशन पर बैठे डॉल्फिन कर्मचारियों की जायज मांगों को तुरंत मान लिया जाए, और उन्हें ससम्मान कंपनी में वापस ले लिया जाए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कांग्रेस शिष्टमंडल की बात को सुनकर और ज्ञापन लेकर उन्हें आश्वस्त किया कि वह डीएलसी से वार्ता करें, और वह स्वयं भी समझौते के हर संभव प्रयास करेंगे स इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिमांशु गाबा,उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल कृष्ण भसीन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री योगेश चौहान,सचिव मनोज कुमार सिंह, निवर्तमान पार्षद राजेश कुमार,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरशद खान, अनिल शर्मा, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार,पूर्व सभासद सलीम खान, सहित डॉल्फिन कंपनी के विक्की, सोनू सिंह, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बुलेरो चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि किच्छा रोड़ पर वाहन की टक्कर से एक युवक की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने आरोपी बुंलेरो चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट मेँ मुकेश पुत्र रामगुलाम, निवासी गांधी कालोनी, वार्ड 27 ने कहा है कि 15 नवम्बर की रात्रि लगभग 8 बजे उसका बड़ा भाई महीपाल किच्छा रोड, भूतबंगला के पास अपने घर को पैदल जा रहा था। उसी समय किच्छा की तरफ से आ रही बुलेरो गाड़ी संख्या आरजे 43 जीए 5711 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर भाई महीपाल को टक्कर मार दी जिस कारण भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना की पत्नी का निधन

किच्छा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता कुन्दन लाल खुराना की धर्मपत्नी आशा रानी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई तथा तमाम भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के अलावा सामाजिक संगठन तथा राजनीतिक संगठनों के लोगों ने उनके निवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि कुंदन लाल खुराना के बड़े पुत्र द्वारा दी गई। स्वर्गीय आशा रानी का अंतिम संस्कार किच्छा स्थित सत्य पथ धाम पर किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बलविंदर सिंह भाजपा विधान मंडल मीडिया प्रभारी राजीव सक्सेना हरिश्चंद्र खंनवानी अजय तिवारी,पूर्व सांसद बलराज पासी दिनेश भाटिया,विपिंजलहोत्रा,लवी सहगल,राजेश तिवारी, बंटी पपनेजा, नितिन फुटेला, विजय अरोड़ा,नितिन बाला, धर्म राज जायसवाल, मनमोहन सक्सेना, पूरन भट, संजीव खन्ना, कुलदीप सिंह बग्गा, मूल चंद राठौर, अभिषेक सक्सेना, विजय पाल यादव, अरुण सिंह, राजेश अरोड़ा, लाला यादव, अजय पाल यादव, सोम राज सहगल, राजकुमार बजाज सहित सैकड़ो सामाजिक राजनीतिक उपस्थित थे।



# भागवत कथा के आयोजन के लिए कमेटी का गठन

शक्तिफार्म(उदसंवाददाता)।क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित राधे राधे मंदिर प्रांगण मे 2 जनबरी से होने वाले साप्ताहिक भागवत व विशाल भंडारे के सफल आयोजन के लिए कमेटी का सर्वसम्मिति से गठन किया गया।राधे राधे मंदिर मे रविवार शाम को बैठक का आयोजन किया गया,बैठक मे कमेटी का गठन कर भागवत को सफल बनाने के सम्बन्ध मे विशेष चर्चा की गयी।नव गठित कमेटी मे रिपुसूदन मण्डल (अध्यक्ष) विपिन डालमिया (उपाध्यक्ष) अरविन्द मण्डल (सचिव) अभिजीत हालदार (उपसचिव) गोविन्द पोखरिया (उपसचिव) निरंजन हालदार (कोषाध्यक्ष) सूरज दास (उपकोषाध्यक्ष) उत्तम दास (मिडिया प्रभारी) निखिल अग्रवाल (सहमिडिया प्रभारी) निखिल मण्डल (प्रचार मंत्री) संरक्षक,अजीत हालदार, समिरन मण्डल,प्रकाश सरकार, सुमित मण्डल,तारक प्रमाणिक (गुसाई) संजय सिंह,किशन शर्मा,मनमोथन,बृजवासी, सुनिल विश्वास,नारायण मनोनीत किये गये। भागवत प्रचार मण्डल कमेटी अध्यक्ष रिपुसूदन मण्डल ने जानकारी देते हुये बताया की भागवत 2 जनवरी से प्रारम्भ होकर एक सप्ताह तक चलेगा समापन मे विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जायेगा। भागवत मे प्रसिद्ध कथा वाचक श्री रविनन्दन शास्त्री जी पंजाब पठान कोट वाले पहुंचकर कथा का श्रवण करवाएंगे। साथ ही सभी धर्म प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्यलाभ लेने का अनुरोध किया।



# गुरूद्वारा में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, किच्छा बाइपास रोड, इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित गुरुद्वारा अमृत सागर भजनगढ़ डेरा पहुंची, जहां उन्होंने श्री गुरु नानक जयंती के अवसर पर आयोजित विशाल सत्संग और प्रवचन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बाबा विक्रमजीत सिंह ने मीना शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जहांगीर उबेद कुरैशी, व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री हरीश अरोड़ा, और भाजपा नेता वेद ठुकराल को भी बाबा विक्रमजीत सिंह द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यहां श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भजनगढ़ डेरा गुरुद्वारा अमृत सागर ने पूरे क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जिसका पूरा श्रेय बाबा विक्रमजीत सिंह जी को जाता है, श्रीमती शर्मा ने कहा कि हमारा क्षेत्र कौमी एकता का गुलदस्ता है, यहां हर तीज त्यौहार, हर जाति धर्म के लोग मिलकर बड़े ही उल्लास,उमंग और धूमधाम के साथ मनाते हैं, जिससे हमारी सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर शबद कीर्तन के साथ ही अटूट लंगर भी बरता गया।



# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एसएस पब्लिक स्कूल का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुंभ के तहत सकैनिया स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एस एस पब्लिक स्कूल गदरपुर,उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में मैडल प्राप्त किए , जिनमें जसमीत सिंह कक्षा सात,बैडमिन्टन ( प्रथम ) स्थान, लक्की कक्षा 11 गोला फेंक ( दूसरा ) स्थान,कार्तिक कक्षा 9 बैडमिन्टन ( दूसरा ) स्थान,खो–खो 17 वर्षीय वर्ग में (दूसरा) स्थान प्राप्त करके करके विद्यालय का नाम रौशन किया । विद्यालय के चौयरमैन श्री डी0पी0सिंह ने दोनों छात्रों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य स.परविंदर सिंह ने पीटीआई हिमांशु जोशी , कु0 सोनम नौटियाल एवं अमित कुमार को बधाई दी और छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया ।



# रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम में मनाया विश्व मधुमेह दिवस

हरिद्वार(उद संवाददाता)। विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में आज रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम के डायबिटीज सपोर्ट ग्रुप के बच्चों ने डायबिटीज वॉक और ब्रेन गेम्स खेलकर मधुमेह को हराने के लिए लोगों को जागरूक किया। पौष्टिक खाना खाना है मधुमेह को हराना है, रोज दौड़ लगाना है मधुमेह हराना है ऐसे नारों के साथ बच्चों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के सचिव स्वामी दयामूर्त्यानन्द ने कहा कि 4 साल से लेकर 30 साल के युवा भी इस डायबिटीज सपोर्ट ग्रुप में जुड़े हैं। हम इन्हें डायाचौंप कहते हैं क्योंकि इन्होंने अपनी टाइप वन डायबिटीज को हराकर एक आम व्यक्ति जैसा स्वस्थ जीवन जीना सीख लिया है। सुरभि और मयंक द्वारा म्यूजिकल चेयर एवं अन्य गेम खिलाए। खेल में जीते बच्चों को पुरस्कार अतिथियों द्वारा विस्तृत किए गए। डायबिटीज डे पर लगाई गई पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ राजेंद्र सिंह रीजनल ऑफिसर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने किया। विशिष्ट अतिथि एआई आईएमएस ऋषिकेश की एडिशनल प्रोफेसर डॉ मीनाक्षी खापर्रे ने सभी डायबिटिक बच्चों को प्रोत्साहित किया और रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम द्वारा चलाए गए अभियान की सराहना की। एम्स ऋषिकेश के डॉक्टर कल्याणी श्रीधरन एवं डॉक्टर जगपति ने कंटीन्यूअस ग्लूकोस मॉनिटरिंग डिवाइस की उपयोगिता के बारे में बताया। डिवाइन और मॉडर्न कॉलेज नर्सिंग के छात्रों द्वारा एक ड्रामा से लोगों को टाइप 1 डायबिटीज के बारे में जागरूकता दी गई। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के बच्चों द्वारा योग आसनों का प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। सभी डायाचौंप ने अपने अपने अनुभव सांझा किए।डिवाइन मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर गगन यादव, स्वामी अनादया आनंद मंजूनाथ महाराज, स्वामी एकाश्रयआनंद,स्वामी भावरूपानंद, कार्तिक, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट मिनी योहानन, गोकुल सिंह,आंचल सैनी आदि मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए 23 व 24 नवंबर से होगा चयन

किच्छा (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने वाले अंडर 9 वर्ग के बालक व बालिकाओं का चयन आगामी 23 व 24 नवंबर को किच्छा में किया जाएगा। शनिवार को देवभूमि चौस एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौधरी ने प्रैसवार्ता कर बताया कि अंडर– 9 वर्ग की राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसबंर को महाराष्ट्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 23 और 24 नवंबर को उत्तराखंड राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर– 9 का आयोजन रुद्रपुर रोड स्थित होटल में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाले बालक व बालिका वर्ग के दो– दो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रैसवार्ता के दौरान देवभूमि चौस एसोसिएशन कोषाध्यक्ष डा. सीमा सिंह, सुनील कुमार सिंह, अनिल कुमार जग्गी, फैज अली मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# कांग्रेस नेत्री हेमलता को दी श्रद्धांजलि

रूदपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री हेमलता मजूमदार की मृत्यु के बाद रविवार शाम उन्हें पंचतत्व में विलीन कर दिया गया।इससे पूर्व राजीव नगर इंदिरा आदर्श बंगाली कॉलोनी में उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा, उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा भी राजीव नगर पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस नेता हेमलता मजूमदार के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर एवं शॉल डालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्होंने स्वर्गीय हेमलता मजूमदार के सुपुत्र अजीत मजूमदार और सुजीत मजूमदार को ढाढस बंधाया स इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने स्वर्गीय हेमलता मजूमदार को श्रद्धांजलि दी स बाद में श्मशान घाट पर उन्हें पंचतत्व में विलीन कर दिया गया ।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# परिवारवाद और भ्रष्टाचार में सबसे आगे महाअघाड़ी गैंग: धामी

## मुख्यमंत्री धामी ने ठाणे क्षेत्र में भाजपा और महायुति संगठन के लिए की वोट अपील







मुम्बई (उद संवाददाता)। रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के तहत मिरा भायंदर ठाणे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्रलाल चंद मेहता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया साथ। ही उन्होंने वर्तक नगर ठाणे (ईस्ट) में आयोजित जनसभा के दौरान संयुक्त रूप से कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा क्षेत्र से महायुति संगठन एवं शिवसेना प्रत्याशी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, ओवला मजीवाड़ा सीट से शिवसेना प्रत्याशी प्रताप सरनाइक और ठाणे शहर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय केलकर के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महाअघाड़ी गैंग परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार में सबसे आगे है। महाअघाड़ी के नेता खुलेआम वीर सावरकर का अपमान करते हैं और इस पर बाला साहेब ठाकरे का उत्तराधिकारी बताने वाले उद्धव ठाकरे चुप्पी साधे बैठे रहते हैं। कांग्रेस में चाचा नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक ने दलितों और बाबा साहेब का अपमान किया है। महाअघाड़ी गैंग के नेताओं ने महाराष्ट्र को तुष्टिकरण की प्रयोगशाला बनाया हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह चुनाव महाराष्ट्र की जनता के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इस चुनाव में हम सभी को एकजुट होकर ऐसी सरकार का गठन करना है जो सनातन संस्कृति में आस्था रखती हो और राष्ट्रवाद एवं विकास को प्राथमिकता देते हुए महाराष्ट्र को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जाने का कार्य करे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि महाअघाड़ी ने कभी भी महाराष्ट्र के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। इस गठबंधन को अपने व्यक्तिगत विकास की चिंता है। इनके नेताओं ने हमेशा सनातन का विरोध किया। राजनीतिक स्वार्थ के चलते जनकल्याणकारी योजनाओं को रोकने जैसे कुकृत्य किए। इसके विपरीत, आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महायुति का गठबंधन राष्ट्रवाद और विकास को प्राथमिकता दे रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देश में जहां भी डबल इंजन की सरकार बनी है, वहां विकास की गति तेज हुई है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का कानून बन सका है। इसके अलावा, हमने कड़ा धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया है और लैंड जिहाद से मुक्ति के लिए मिशन स्तर पर कार्य करते हुए 5,000 एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। श्री धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में आस्था के केंद्रों का पुनर्स्थापन और वैभव का पुनर्निर्माण संभव हुआ है। यह समय है कि महाराष्ट्र की जनता भी भाजपा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने में सहयोग करे। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशियों से भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता में भाजपा के प्रति उत्साह और विश्वास दिखाई दे रहा है, यह स्पष्ट है कि ठाणे क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में महायुति संगठन की जीत तय है। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री अमरजीत मिश्रा, पूर्व महापौर डिंपल मेहता, प्रदेश संयोजक उत्तराखंड सेल महेंद्र सिंह गुंसाई, संजय बागुले, अरविंद टोनी, प्रकाश शिंदे, शैलेश पांडेय, प्रवक्ता रविंद्र दत्ता, मंडल अध्यक्ष हयात सिंह राजपूत, जेडी तिवारी, अनिल, ललिता दलवीर रौतेला, अर्जुन रावत मौजूद रहे।

# जितेन्द्र कमल आनंद के आनंद अभिनन्दन ग्रन्थ का विमोचन





गदरपुर (उद संवाददाता)।साहित्य कला को समर्पित संस्था अनिरुद्ध काव्यधारा शेरकोट बिजनौर की शाखा गदरपुर उत्तराखंड के द्वारा आनंद अभिनंदन ग्रंथ का प्रकाशन किया गया है जिसका विमोचन ड्रीम कैफ गदरपुर में किया गया जिसमें साहित्यकारों को सम्मान व् कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इसमें बाहर से आए हुए। अनेक कवियों ने भाग लिया। इस ग्रंथ में 56 कवियों ने अपने आलेख जितेंद्र आनंद जी के विषय में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के विषय में अपने आलेख प्रदान किए थे जिसका संपादन अनिरुद्ध काव्य धारा के द्वारा हुआ इसमें प्रधान संपादक के रूप में सुबोध कुमार शर्मा शेर कोंटी और संपादक के रूप में डॉक्टर पुष्पा जोशी प्राकाम्य राजवीर सिंह राज, अनमोल रागिनी गर्ग, प्रीति शर्मा मध्य प्रदेश ने अपने कार्य को संपादित किया और लगभग 1 वर्ष की सतत साधना के बाद यह ग्रंथ तैयार हुआ जिसका गदरपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड में विमोचन कल्लुकार्पण किया गया। इस अवसर पर गुरूजी जितेन्द्र कमल आनंद को अंगवस्त्र पगड़ी,श्रीफल कर सम्मानित किया गया। कार्यकम में उपस्थित राजीव प्रखर मुरादाबाद से राजेंद्र सिंह राज रामपुर से, पतराम सिंह रामपुर से, अनमोल रागनी रामपुर से ,डॉक्टर प्रीति अग्रवाल,, रामपुर से और कमल आनंद रामपुर से, पुष्पा जोशी प्राकाम्य शक्ति फार्म से और मंगतराम सिंह रामपुर से बीनाबर्शेलिया हल्द्वानी से ,लीलू रानी हालदार रुद्रपुरसे , उपासना रामपुर से, विवेक बाजपुरी बाजपुर से डा प्रतोष मिश्रा काशीपुर से, हरगोविंद पाठक बिसौली से, यशवंत कौर जय श्री रामपुर से, सोहनलाल भारती रामपुर से, अभिषेक भारद्वाज बिजनौर से, संजीव शाश्वत फिरोजाबाद से, आनंद वर्जन शर्मा अल्मोड़ा से, नीलू शर्मा मुरादाबाद से, और अशोक अवस्थी रुद्रपुर से, नवीन आर्य आगरा से, गीता मिश्रा गीत हल्द्वानी से, ने आकर के अपना काव्य पाठ किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में संस्थाध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा शेरकोटी ने आये हुए सभी कवियों का आभार व्यक्त कियाा। कार्यकम का संचालन डात्रपुष्पा जोशी प्राकाम्य, राजवीर सिंह राज व अनमोल रागिनी ने किया।

# बालासाहेब ठाकरे को दी श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। शिवसेना उत्तराखंड द्वारा हिंदू हृदय सम्राट वंदनीय बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रमुख गौरव कुमार ने कहा कि हिंदुत्व के पुरोधा वंदनीय बालासाहेब जी ठाकरे 23 जनवरी 1926 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के रत्नागिरी गांव में पैदा हुए बालासाहेब बाल्यकाल से ही राष्ट्रहित व हिंदुत्व



के प्रति मुखर रहे उन्होंने देश के मजदूर, मजलूमों, गरीबों व समाज के वंचित वर्ग को समाज में उचित स्थान दिलाने के लिए 19 जून 1966 को शिवसेना की स्थापना की 17 नवंबर 2012 को उन्होंने मुंबई में आखरी सांस ली जिला प्रमुख अमित कर्णवाल ने कहा कि बालासाहेब हिंदुओं के ही नहीं बल्कि पूरे देश के नेता थे उनके जीवन से हमें समाज सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए जिला महासचिव विकास मल्होत्रा ने भी अपने श्रद्धा सुमन साहब को अर्पित किये इस मौके पर जिला प्रमुख अमित कर्णवाल,रोहित बेदी, विकास मल्होत्रा, आनंद बडोनी,शिवम गोयल, अभिनव बेदी,राम अवतार,गुप्ता किरण गुप्ता आदि शिवसैनिक उपस्थित रहे ।







# पर्यावरण संरक्षण के लिए दौड़े सैकड़ों लोग

## विधायक शिव अरोरा एवं एसपी सिटी मनोज कत्याल ने मैराथन दौड़ को दिखाई हरी झण्डी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गांधी पार्क से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरुकता के उद्देश्य से ग्रेन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन फिट इंडिया युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मेराथन दौड़ 1 कि.मी. एवं 3 कि.मी.दो श्रेणियों में 7 वर्ष से 73 वर्ष की आयुवर्ग के लिए नि:शुल्क थी। जिसमें शहर के 17 विद्यालयों जिसमे से लगभग 350 छात्र छात्राओं एवं 3 औद्योगिक संस्थानों के 150 लोगों की सहभागिता रही। दौड़ का शुभारम्भ विधायक शिव अरोरा, एसपी सिटी मनोज कत्याल ने हरी झंडी दिखा कर किया । इस दौरान विशिष्ट अतिथि सीओ सिटी निहारिका तोमर एवं नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल भी मौजूद रहे। इस आयोजन की हिस्सेदार हार्टफुलनेस संस्था विश्व के 160 देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। संस्था के अध्यक्ष के. डी. पटेल को अध्यात्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। रूद्रपुर में यह आयोजन रुद्रपुर केंद्र समन्वयक डॉ सीमा अरोरा एवं यूथ समन्वयक विवेक त्रिपाठी एवं अनंत के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमे किलोमीटर श्रेणी में पुरुषों में धीरज सिंह बिष्ट प्रथम स्थान, दुर्गा रूवाली द्वितीय स्थान और जितेंद्र कुमार तृतीय स्थान एवं महिला वर्ग में कुमारी काजल बिष्ट प्रथम स्थान, कुमारी गायत्री पाल द्वितीय स्थान एवं कुमारी राधा रानी तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा 3 किलोमीटर श्रेणी में पुरुष वर्ग में श्री पुष्कर चंद्र प्रथम स्थान, नीरज नेगी द्वितीय स्थान, राहुल बासनी तृतीय स्थान तथा महिला वर्ग में मान्या शर्मा प्रथम स्थान, आराध्या कुलियाल द्वितीय स्थान एवं जीतू शर्मा तीसरे स्थान पर रही, वही इसके अतिरिक्त अन्य भाई बहनो को भी पुरस्कार बांटे गये।इस संकल्प के साथ सभी प्रतिभागियों को पौधे बांटे गये कि हम पर्यवरण को बेहतर व जीवन जीने के अनुकूल बना सके। अतिथियों द्वारा भी गाँधी पार्क में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बेहतर बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में दिव्यांग पंकज मिगलानी ने भी मेराथन दौड़ में शामिल होकर सभी को जागरूक करने के लिये एक मिसाल कायम की जिनको सांत्वना पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया, साथ ही 12 अन्य लोगो को सांत्वना पुरस्कार दिये गये । इस दौरान मुख्य अतिथि एस.पी. सिटी, सी. ओ. रुद्रपुर और मुख्य नगर आयुक्त ने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं ध्यान के अभ्यास को करने के लिए प्रेरित किया। रुद्रपुर केंद्र समन्वयक डॉ सीमा अरोरा ने हर्टफुलनेस संस्थान व हर्टफुलनेस अभ्यास जैसे रिलैक्सेशन, ध्यान, सफाई व प्रार्थना के महत्व पर प्रकाश डाला और हर्टफुलनेस अभ्यास द्वारा किस प्रकार जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। विधायक शिव अरोड़ा ने ने कहा कि कहा निश्चित रूप से हार्टफुलनेस संस्था द्वारा पर्यावरण को बेहतर बनने व हमारी युवा पीढ़ी को इसके प्रति जगरूक करने के लिये यह मेराथन दौड़ एक बेहतर शुरुआत की गयी है ,फिट इण्डिया मुहीम के अन्तर्गत इस दौड़ में भाग लेने वाले व सफल कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले को शुभकामनायें दी । इस आयोजन में हार्टफुलनेस कार्यक्रम में जेएस पाल, विपिन त्रिपाठी, रजनी गुलाटी,अरविन्द गंगवार,एमपी अवस्थी, सलूजस मदान, सुभाष गुम्बर व यूथ टीम के शौर्य अरोड़ा, शिवम गुम्बर,अनुभव बटला, रजत धवन, चंदन, निखिल मुंजाल, सोमेंद्र, तरुन, विपिन,नित्यानंद, विजय, मनमोहन, सोनू, रिया, मनीत, अपाला और प्रेरणा के सदस्यों का योगदान रहा।

# प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शेमफोर्ड स्कूल और चिल्ड्रन अकेडमी अव्वल

## सरस्वती विद्या मंदिर में भारत को जानो प्रान्त स्तरीय प्रश्नमंच का हुआ आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा भारत विकास परिषद के उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त के भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रान्त स्तरीय प्रश्न मंच का आयोजन स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में शेमफोर्ड स्कूल हल्द्वानी की टीम ने एवं वरिष्ठ वर्ग में चिल्ड्रन अकेडमी लालकुआँ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रथम स्थान विजेता टीमें क्षेत्र स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय सचिव राजेन्द्र कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक जगन्नाथ चावला, प्रान्तीय अध्यक्ष नरेश कंसल एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष संजय राधू द्वारा माँ भारती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम का गायन सामूहिक रूप से किया गया। प्रान्तीय संयोजक संजय खेड़ा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है, प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सभी नगरों की शाखाओं द्वारा अपने नगर के विद्यालयों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ दो वर्गों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा उसमें प्रत्येक शाखा से प्रथम दो स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की टीमें शाखा स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में विजयी होकर आज प्रान्त स्तर पर प्रतिभाग कर रही हैं। प्रान्त स्तर की इस प्रतियोगिता में आज हल्द्वानी, काठगोदाम, खटीमा, सितारगंज, रामनगर, लालकुआँ, नैनीताल, गदरपुर, रुद्रपुर, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर, शहीद ऊधम सिंह शाखा रुद्रपुर, वीर सावरकर शाखा रुद्रपुर एवं टनकपुर शाखाओं की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में धर्म, संस्कृति एवं इतिहास, राजनीति, भूगोल व अर्थव्यवस्था तथा खेल, साहित्य एवं विज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते हुए कड़े मुकाबले में शेमफोर्ड स्कूल हल्द्वानी की टीम ने प्रथम, बीरशिबा स्कूल ने द्वितीय एवं सरस्वती शिशु मंदिर इन्टर कॉलेज रुद्रपुर की टीम. ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में चिलड्रन एकेडमी सीनियर स्कूल लालकुआँ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर निर्मला कान्वेन्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठगोदाम तथा तृतीय स्थान पर ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल रामनगर की टीम रही । भारत विकास परिषद के रीजनल दायित्वधारी आर. के. गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भारत को जानो प्रतियोगिता के महत्व को बताया और छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक श्री जगन्नाथ चावला जी ने भी विद्यार्थियों के जीवन में इस प्रकार की प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की।प्रान्तीय अध्यक्ष नरेश कंसल ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि प्रान्त स्तर के प्रश्नमंच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम 8 दिसम्बर को मुजफ्फरनगर में आयोजित क्षेत्र स्तर की प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लेगी, जिसमें उनका मुकाबला 8 अन्य प्रान्तों की विजेता टीमों से होगा। उन्होंने सभी विद्यालयों का तथा उपस्थित अतिथिगणों का उनके सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। विवेकानन्द शाखा की ओर से अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने आभार व्यक्त किया। विजेताओं को उपस्थित अतिथियों के द्वारा स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, सभी विद्यालयों को भी उनके सहयोग हेतु स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया, सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रतिभागिता प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रान्तीय महासचिव हरीश शर्मा व विवेकानन्द शाखा सचिव अक्षय गहलौत ने संयुक्त रूप से किया, प्रश्नमंच का संचालन विवेकानन्द शाखा के संस्कार संयोजक आदित्य गौतम व कोषाध्यक्ष अभि अग्रवाल ने कम्प्यूटर के माध्यम से बड़ी स्क्रीन पर सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम में परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा, प्रान्तीय दायित्वधारी डॉ अतुल राजपाल, दीपक अरोरा, नीरज कुमार, मनोज अरोरा, विभिन्न शाखाओं के दायित्वधारी, संयोजक सौरभ अग्रवाल, शाखा सदस्य ज्योति सुखीजा, स्नेहसंजय राधू, रीमा खेड़ा, अंजू ग्रोवर, हिमानी शर्मा, पलक जिन्दल आदि उपस्थित रहे।







# चिकित्सालयों के फायर सेफ्टी सिस्टम में मिली कई खामियां



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी और निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण करते हुए फायर सेफ्टी मानकों की बारीकी से जांच की। जिसमें सरकारी व निजी अस्पतालों में फायर सुरक्षा और उसके मानकों की दृष्टि से कई प्रकार की कमियां पाई गई। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने कहा कि चौकिंग अभियान का क्रम सरकारी, निजी अस्पताल, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर में आगे भी जारी रहेगा। गत दिवस सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित शहर के सरकारी अस्पताल सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल, महिला अस्पताल, सुशीला तिवारी अस्पताल, संजीवनी अस्पताल, साईं अस्पताल, तिवारी मैटरनिटी अस्पताल, नीलकंठ अस्पताल का निरीक्षण किया। महिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए टीम ने आठ कमियां पाई जिसमें स्मोक डिटेकटर, स्प्रिंकल सिस्टम, होजिंग पाइप, कर्मचारियों को उपकरण चलाने का प्रशिक्षण ना हो पाना, इमरजेंसी डोर बंद पाए जाना जैसी कई कमियां मिलीं। इसके अलावा बेस अस्पताल में अग्निशमन विभाग के निर्देशों के क्रम में फायर एक्सटिंग्विशर, हाउसिंग पाइप, स्प्रिंकल सिस्टम एवं फायर हाइड्रेंट लगाए जाने की कार्यवाही प्रचलित पाई गई। इसके अलावा टीम ने सुशीला तिवारी अस्पताल में चतुर्थ तल से छठेताल तक रैंप की व्यवस्था नहीं पाई गई तथा अस्पताल परिसर में स्प्रिंकल सिस्टम नहीं पाए गए। इसके अलावा तिवारी मेटरनिटी हॉस्पिटल में जब टीम ने निरीक्षण किया तो अस्पताल परिसर में फायर अलार्म एवं स्प्रिंकल सिस्टम नहीं पाए गए। इसके अलावा हायर ऑडिट के समय अस्पताल गेट के बाहर की ओर खुल रहे हैं जो कि अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से समस्त गेटों को अंदर की ओर खुलना चाहिए। साथ ही साइ अस्पताल में अलार्म पैनल कार्यशील दशा में नहीं पाए गए और स्प्रिंकल सिस्टम भी नहीं पाएं गए। इसी प्रकार संजीवनी अस्पताल में रैंप सही नहीं पाया गया और अस्पताल परिसर में फायर हाइड्रेंट का मार्ग बाधित पाया गया। जिससे कि दुर्घटना के समय फायर हाइड्रेंट से पानी आसानी से नहीं लिया जा सकता है। इसी प्रकार अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरण चलाने का ज्ञान नहीं पाया गया और अस्पताल में अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण नहीं पाया गया। ठीक इसी प्रकार नीलकंठ अस्पताल में द्वितीय तल एवं तृतीय तल में स्प्रिंकल सिस्टम नहीं पाएंगे साथ ही रैंप की व्यवस्था नहीं मिली। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने बताया की सभी अस्पतालों को अग्निशमन विभाग को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नोटिस जारी किया जाएगा। यदि निश्चित समय में फायर सुरक्षा के उपकरण व प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी नहीं पाए गए तो अग्रिम वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के रविन्द्र शर्मा बने प्रदेश अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी की संस्तुति पर उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष पंडित रविंद्र कुमार शर्मा को मनोनीत किया गया। इस उपलक्ष्य में स्वागत समारोह उनके निवास स्थान पर रखा गया। जिसमें प्रदेश संरक्षक पंडित वीडी शर्मा ने सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष को माला व पटका पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। कार्यकारिणी के सदस्य



जवाहरलाल शर्मा, देवेंद्र गोस्वामी, संजीव शर्मा,सुनील शर्मा, मुकेश शर्मा,जितेंद्र शर्मा, संजीव पाठक, रोहित शर्मा, नीरज तिवारी,दीपक ऋषि, सहित अन्य ब्राह्मण बंधुओं ने भी उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने ब्राह्मणों के उत्थान के लिए अपने विचार रखें व संगठन को मजबूत करने के लिए अपने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ चर्चा की कहा कि कुछ ही दिनों में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा।

# दिनेशपुर ने कोलकाता को हराकर ट्राफी कब्जाई

## महिला राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला



दिनेशपुर (उद संवाददाता) । रुद्रा यंग क्लब के तत्वावधान में नगर के शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में चल रहे राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दिनेशपुर की टीम ने खेल में शानदार प्रदर्शन कर कोलकाता को तीन एक से पराजित कर मुकाबले को जीत लिया। बताते चलें नगर के शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में रुद्रा यंग क्लब के बैनरतले स्व निरंजन मंडल मेमोरियल महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें राज्य स्तरीय टीमों ने प्रतिभाग किया गया। रविवार को कोलकाता और दिनेशपुर टीम के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ । जिसमें दिनेशपुर टीम ने मध्यांतर से पूर्व ही कोलकाता के खिलाफ तीन गोल दागकर बढ़त हासिल की । उधर कोलकाता के खिलाड़ियों ने संघर्ष कर एक गोल किया । तय समय मे दिनेशपुर टीम ने मुकाबले में जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया । खेल में कोलकाता टीम की प्रमिला को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया । जबकि दिनेशपुर टीम को वीमेन ऑफ दा मैच चुना गया । इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय , निवर्तमान चौयरमैन सीमा सरकार, सत्यजीत बिश्वास,सुनीता मिस्त्री, रवि सरकार ,हिमांशु सरकार, हिमांशु मंडल,रजत अरोरा , नितिन चटर्जी , धर्मेंद्र पांडेय , रावेंद्र मंडल, देवव्रत कुमार, मनोज राय, विकास सरकार, कन्हाई मंडल,प्यारी मोहन,सत्यप्रकाश सिंह,गोविंद मंडल, दिपक मक्कड़, नित्यो मंडल, सुकुमार सरकार, गोपाल चक्रवर्ती, के एन मिश्रा,भोला शर्मा,अनिल मिश्रा,सुधाकर दुबे ,तरूण सिंह,दुर्गेश राय,परमानंद चौरासिया, सागर सिंह,महेन्द्र शर्मा, सुरेश चंद पासवान ,मुकेश कुशवाहा, के एन तिवारी, आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# देह व्यापार का भंडाफोड़,महिला सरगना समेत पांच गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने हीरानगर स्थित एक मकान में छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए मौके से तीन महिला और दो पुरुषों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान मौके से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक मंजू ज्याला प्रभारी एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सैल द्वारा अपनी टीम के साथ प्रगति मार्केट हीरानगर में एक आवासीय परिसर के दो मंजिले कमरे में कुछ महिलाओं द्वारा देह व्यापार की सूचना पर छापेमारी की गई। इस दौरान दो पुरूष व तीन महिलाएं आपत्ति जनक स्थिति में तथा आपत्तिजनक सामान सहित पाये गये। जिन्हें पुलिस टीम ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम देव सिंह पुत्र किशन सिह निवासी निर्मल कॉलोनी, गोविन्दपुर गढ़वाल चौकी आर टी ओ रोड, मुखानी और मौ. फिरास पुत्र मौ.यूसुफ निवासी वार्ड नं0 3 कालाढूंगी बताया। वहीं मौके से देह व्यापार का गैर कानूनी धंधा करने वाली महिला सरगना के साथ उसकी दो



अन्य महिला सहयोगियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मकान स्वामी मोहम्मद आकिल को भी पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ करने पर पकड़े गए लोगों बताया कि महिला इस रैकेट की मुख्य सरगना हैं तथा मो. फिरास ग्राहकों को लाने का काम तथा अन्य अनैतिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए। सभी से पूछताछ कर उनकी अन्य गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने सभी के खिलाफ देह व्यापार अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह जाहिर किया है कि इस रैकेट का नेटवर्क काफी बड़ा है और इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता हो सकती है। पुलिस सभी गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और उनके संपर्कों की जांच कर रही हैं। पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले से जुड़ी कई और कड़ियां जल्द ही उजागर होंगी। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पुलिस टीम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल की प्रभारी एसआई मंजू ज्याला, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल गीता कोठारी व कांस्टेबल महेंद्र सिंह शामिल थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रैगिंग की प्रवृति पर अंकुश

परिचय के नाम पर रैगिंग के दौरान प्रताड़ित करने का चलन अगर सख्त पाबंदी के बावजूद आज भी कायम है तो यह इस प्रथा पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए उठाए गए कदमों पर सवालिया निशान है। गौरतलब है कि रैगिंग का विरोध करने पर नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास में कनिष्ठ विद्यार्थियों की पिटाई की गई। विचित्र है कि यह मामला एक महीने तब तक दबा रहा, जब तक कि एक पीड़ित छात्र ने थाने में शिकायत नहीं दर्ज कराई। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध सख्त नियमों और अदालतों के साफ दिशा-निर्देशों के बावजूद नए विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने या उनके खिलाफ हिंसा की खबरें अक्सर आती रहती हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सख्त नियम-कायदे के बावजूद रैगिंग करने वाले युवाओं के भीतर कानून का भी न कोई डर है, न उन्हें अपने भविष्य की कोई चिंता है। निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों पर रौब जमाना या किसी को प्रताड़ित करना यह बताता है कि कुछ युवाओं में दमन की कुंठित मानसिकता काम करती रहती है। किसी उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला लेकर कालेज आने वाले विद्यार्थी को जब उनके वरिष्ठ छात्र शुरुआती दौर में ही शारीरिक और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए अभद्र व्यवहार करते हैं, तो उसकी स्मृति नवोदित विद्यार्थी के मन-मस्तिष्क में अंकित हो जा सकती है। वह वर्षों इससे उबर नहीं पाता। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण की अपेक्षा की जाती है। इस संदर्भ में रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम-कायदे तय किए गए हैं। शीर्ष न्यायालय कई साल पहले सभी शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून सख्ती से लागू करने का आदेश दे चुका है। दोषी छात्रों को तीन साल जेल और जुर्माने का प्रावधान है। नियमों का पालन न करने पर संस्थानों की मान्यता रद्द करने का भी निर्देश है। फिर भी रैगिंग के बहाने आज भी दूसरों को प्रताड़ित करने और उपहास उड़ाने की प्रवृत्ति खत्म नहीं हुई है। ध्यान रखने की जरूरत है कि रैगिंग का शिकार विद्यार्थी प्रताड़ना और अपमान को भूल नहीं पाता। ऐसी घटनाओं के बाद कुछ पीड़ितों ने खुदकुशी भी कर ली। निस्संदेह ऐसे मामले न केवल मानवाधिकारों का हनन हैं, बल्कि गरिमा के विरुद्ध भी हैं।

# जीवन में विद्यार्थी जीवन सबसे स्वर्णिम काल : ओम बिरला

देहरादून(उद संवाददाता)। लोक सभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने रविवार को देहरादून के प्रेमनगर, नंदा की चौकी स्थित एक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने छात्रों की प्रस्तुति और स्कूल के कार्यों की सराहना की। स्कूल के सभागार में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, पर्यावरणविद पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान आईटीबीपी के जवानों ने बैंड की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि ने प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिसर में पौधा भी रोपा। इसके साथ ही हवन यज्ञ कार्यक्रम में भी उन्होंने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया।लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने वार्षिक समारोह में मौजूद छात्रों-अभिभावकों सहित सभी व्यक्तियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जब भी मैं उत्तराखण्ड आता हूं मुझे नई उर्जा, प्रेरणा के साथ काम करने की नई दिशा मिलती है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में विद्यार्थी जीवन सबसे स्वर्णिम काल होता है। जहां वह जिंदगी को जीता है और उसके साथ-साथ अपने कैरियर का निर्माण भी करता है। वह अपने मित्रों के साथ, सहयोगियों के साथ लंबा समय गुजारने का अवसर विद्यालय में पाता है। जहां वह अपने मित्रों के साथ जिंदगी के स्वर्णिम अवसर जीता है। वहीं, विद्यालय के अध्यापक भी विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं।श्री बिरला ने कहा कि



विद्यालय में स्थित सीडीएस जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा से हमें अनुसाशन व देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। देश की रक्षा करने वाले सैकड़ों सैनिकों से लेकर अधिकारियों तक इस धरती पर निवास करते हैं और उनकी इच्छा रहती है कि देहरादून में पढ़ने वाला हर विद्यार्थी अनुशासित और राष्ट्रभक्त नौजवान बने।उन्होंने कहा कि पद्मश्री, पद्म विभूषण श्री अनिल जोशी ने पर्यावरण को लेकर देश में नया जनांदोलन खड़ा किया। जल-जंगल- जमीन को बचाने की प्रेरणा विद्यार्थियों को बाल्यकाल से मिलनी चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि उन्हें भारत के नौजवान विद्यार्थियों पर गर्व है। जिनमें ज्ञान, विज्ञान, नए विचार, शोध व रिसर्च की अद्भुत क्षमता है और इसके साथ आध्यात्मिक ऊर्जा भी है। श्री बिरला ने कहा कि भौतिक संसाधनों में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत आज आध्यात्मिक, धर्म और संस्कारों के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया के विकसित देशों को आगे बढ़ाने में भी भारत के नौजवानों का योगदान है। श्री ओम बिरला ने कहा कि हर चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता विद्यार्थी जीवन से ही आती है। आज आवश्यकता है कि विद्यालयी जीवन में ऐसे संस्कार व शिक्षा दी उ जाये कि दुनिया की 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी हो। यह जिम्मेदारी नौजवनों की है। भारत में कई ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अभावों में रहकर कठिन चुनौतियों से विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में बड़े अविष्कार किये हैं। जब हम अपने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी का जीवन देखते हैं, तो हमें बड़ी प्रेरणा मिलती है।श्री बिरला ने इस दौरान सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वह भारत की संसद में आएं और वहां स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी के दर्शन करें। जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया और भारत के निर्माण का रास्ता बनाया। जब हम उनके उनके जीवन दर्शन को समझेंगे और पढ़ेंगे तो नई प्रेरणा मिलेगी। इसलिए हमने नया विचार दिया है कि भारत मे पढ़ने वाला हर विद्यार्थी संसद में आए और देखे कि किस तरह लोकतंत्र के माध्यम से भारत के इस 75 वर्ष की यात्रा में मजबूत नेतृत्व देने का काम हुआ है। श्री बिरला ने कहा कि आज हमें खुशी है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया में नेतृत्व कर रहा है। आज हर दिशा में भारत आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता के कारण दुनिया में भारत का विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर पर्यावरणविद पद्मभूषण डॉ. अनिल जोशी, स्कूल के चेयरमैन विजय नागर, निदेशक शैलेन्द्र बेंजामिन, प्रिंसिपल बेला सहगल, उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना, सीबीएसई के पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह सहित गणमान्य अतिथि उपस्थिति थे।

# धारा 370 की बहाली से अलगाववादियों को मिलेगा बल

इसे देश का दुर्भाग्य की कहा जाएगा कि जम्मू-कश्मीर में जिस अलगाव और आतंकवाद का पर्याय धारा-370 और 35-ए बनी थीं, उनकी पुनर्बहाली की मांग विधानसभा में एक प्रस्ताव लाकर सत्तारुढ़ दल ने की है। इसका समर्थन कांग्रेस और पीडीपी समेत अन्य विपक्षी दलों ने किया है। हालांकि भाजपा विधायकों ने विधानसभा में इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए इसे अवैध करार दिया है। इन विधायकों ने सदन में अनुच्छेद-370 और 35-ए को बहाल करने का बैनर लिए गर्भग्रह में पहुंचे अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक शेख खुर्शीद के हाथ से बैनर छीनकर फाड़ दिया और नारा लगाया, 'बलिदान हुए जहां मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है।' वहीं नेशनल कार्फ्रेंस के विधायकों ने नारा लगाया, 'जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है।' साफ है, कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली के बावजूद वहां के बहुसंख्यक आबादी का नेतृत्व करने वाले दल और कांग्रेस संसद और सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना करने से बाज नहीं आ रहे है। जबकि वे जानते हैं कि इन अनुच्छेदों की बहाली अब किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह कह रहे है कि दुनिया की कोई भी ताकत इन अनुच्छेदों को बहाल नहीं करा सकती है। इस प्रस्ताव को लाकर सत्तारूढ़ दल ने पृथकतावादी शक्तियों को हवा देने का काम किया है। महबूबा जहां राष्ट्रीय तिरंगे झंडे को नकार रही हैं, वहीं फारूख अब्दुल्ला चीन की मदद से अनुच्छेद-370 की वापसी की मांग करके अपनी सांप्रदायिक भावना जता चुके हैं। साफ है, घाटी में खत्म हो चुकी आतंक की फसल के बीज फिर से बौने की तैयारी निर्वाचित सरकार के अस्तित्व में आने के साथ ही शुरू हो गई। जबकि सुप्रीम कोर्ट इन दोनों विभाजनकारी अनुच्छेदों को शून्य करने के संसदीय फैसले पर मोहर लगा चुकी है। साफ है, यह निर्णय संविधान सम्मत है। दरअसल भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने कश्मीर को भारत सरकार से मिलने वाले धन को न केवल लूटा है, बल्कि लद्दाख और जम्मू क्षेत्र के विकास की भी कभी परवाह नहीं की। इस लूट को पाने के लिए महबूबा और अब्दुल्ला ने परस्पर विरोधी क्षेत्रीय दलों से जो गठबंधन किया है, वैसी मंशा इन नेताओं ने सत्तारूढ़ रहते हुए विस्थापित कश्मीरी पंडितों के प्रति कभी नहीं जताई। अब वे इस लड़ाई को धारा-370 की वापसी का संघर्ष बताते हुए सांप्रदायिक रंग देने में भी लग गए हैं। धारा-370 और 35-ए के खत्म होने का प्रस्ताव संसद से पारित होने के बाद से ही जम्मू-कश्मीर का विभाजन जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के रूप में हो चुका है। अब यहां अलग-अलग राज्यपालों की निगरानी में शासन-प्रशासन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कामयाबी के साथ बहाल कर रहा है। इसी क्रम में अलग प्रधान, निशान और विधान का शासन खत्म हो गया। नतीजतन अब सही मायनों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को भारतीय संविधान के कानूनी धागे में पिरो दिया है। अब यहां आधार कार्ड राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, मुस्लिम विवाह विच्छेद, शत्रु संपत्ति कानून, मुस्लिम महिला संरक्षण अधिनियम, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, व्हिसल ब्लोअर समेत 108 केंद्रीय कानून अस्तित्व में आ गए हैं। साथ ही इस राज्य को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त होने के कारण जो 164 कानून यहां के लोगों को विशेष लाभ देते थे, वे रद्द हो गए हैं। इस राज्य के पुराने कानूनों में से 166 कानून ही नए केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगे। जो अधिकार देश की दूसरी ग्राम पंचायतों को प्राप्त थे, वे यहां लागू नहीं थे, जो अब लागू हैं। कश्मीर में अल्पसंख्यक हिंदू और सिखों को मिलने वाला आरक्षण लागू नहीं था, लेकिन इस नई व्यवस्था के तहत ये संवैधानिक प्रावधान प्रभावशील हो गए हैं। यहां सबसे बड़ा बदलाव यह हुआ है कि यहां की आधिकारिक भाषा उर्दु की जगह हिंदी ने ले ली है। जम्मू-कश्मीर देश का एकमात्र ऐसा राज्य था, जहां आधिकारिक भाषा उर्दु थी। साफ है, इस पूरे क्षेत्र में जो भी देश की अखंडता के एवं भारतीय संविधान के मुताबिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के पक्षधर लोग हैं, उन्हें बरगलाना मुश्किल है, क्योंकि कश्मीरी अवाम जान गई है कि इन दोनों परिवारों ने कश्मीर को अपने निजी हितों के लिए न केवल लूटा, बल्कि आतंक की आग में भी झोंक दिया। दरअसल फारूख और महबूबा आज भी उसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं, जो देश विभाजन के समय सामंतों की थी। धारा 35-ए को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेतृत्व कर्ताओं की विडंबना रही है कि वे एक ओर तो 35-ए का समर्थन करते हैं, जबकि वे भली-भांति जानते हैं कि यह अनुच्छेद आखिरकार भारतीय संविधान का ही हिस्सा है, जम्मू-कश्मीर के विधान का हिस्सा नहीं है, जिसकी पुनर्बहाली के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाया गया है। इसे कश्मीर की आजादी के कथित पैरोकारों का दोगलापन ही कहा जाएगा कि वे भारतीय संविधान का तो बहिष्कार करते हैं, लेकिन अपने स्वार्थ के लिए इसी में दर्ज प्रावधानों में बदलाव की पहल होती है तो उसका विरोध करते हैं। जबकि हकीकत यह है कि केवल 35-ए की वजह से कश्मीर में बंटवारे के समय जो लोग आकर बसे हैं, उन्हें 70 साल बाद भी न तो राज्य की नागरिकता मिली थी और न ही भारत की। 1947 में पश्चिमी-पाकिस्तान से पलायन करके जो हिंदु, बौद्ध, सिख और अहमदिया मुस्लिम बसे हैं, वे 35-ए के विलोपी करण के पहले तक शरणार्थी की हैसियत से रह रहे है। इन परिवारों की संख्या 5764 है। चूंकि इन्हें कोई नागरिक अधिकार नहीं मिले थे, इसलिए वे न तो किसी भी चुनाव में वोट डाल सकते थे और न ही सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते थे, उनके बच्चे शैक्षिक छात्रवृत्ति से भी वंचित थे। ये व्यावसायिक शिक्षा देने वाले संस्थानों में भी नहीं पढ़ सकते थे। यह धारा महिलाओं के साथ अन्याय का कारण भी बनी हुई थी। यदि जम्मू-कश्मीर की कोई लड़की इस राज्य के बाहर के लड़के से शादी कर लेती थी तो वह स्वतः ही परिवार के संपत्ति के अधिकार से वंचित हो जाती है। यही हश्र उसके बच्चों का होता था। जो कांग्रेस और राहुल गांधी इस प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं, उन्हें 70 साल तक संवैधानिक अधिकारों और सुविधाओं से वंचित रखे गए ये पीड़ित समुदाय दिखाई नहीं देते ? जम्मू-कश्मीर का करीब 60 प्रतिशत क्षेत्र लद्दाख में है। इसी क्षेत्र में लेह आता है, जो अब लद्दाख की राजधानी। यह क्षेत्र पाकिस्तान और चीन की सीमाएं साझा करता हैं। बीते सत्तर साल से लद्दाख कश्मीर के शासकों की बदनीयती का शिकार होता रहा है। अब तक यहां विधानसभा की मात्र चार सीटें थी, इसलिए राज्य सरकार इस क्षेत्र के विकास को कोई तरजीह नहीं देती थी। लिहाजा आजादी के बाद से ही इस क्षेत्र के लोगों में केंद्र शासित प्रदेश बनाने की चिंगारी सुलग रही थी। 70 साल बाद इस मांग की पूर्ति हो हुई है। इस मांग के लिए 1989 में लद्दाख बुद्धिस्ट एसोशिएशन का गठन हुआ और तभी से यह संस्था कश्मीर से अलग होने का आंदोलन छेड़े हुए थी। 2002 में लद्दाख यूनियन टेरेटरी फ्रंट के अस्तित्व में आने के बाद इस मांग ने राजनीतिक रूप ले लिया था। 2005 में इस फ्रंट ने लेह हिल डवलपमेंट काउंसिल की 26 में से 24 सीटें जीत ली थीं। इस सफलता के बाद इसने पीछे मुडकर नहीं देखा। इसी मुद्दे के आधार पर 2004 में थुप्स्तन छिवांग सांसद बने। 2014 में छिवांग भाजपा उम्मीदवार के रूप में लद्दाख से फिर सांसद बने। 2019 में भाजपा ने लद्दाख से जमयांग सेरिंग नामग्याल को उम्मीदवार बनाया और वे जीत भी गए। लेह-लद्दाख क्षेत्र अपनी विषम हिमालयी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण साल में छह माह लगभग बंद रहता है। सड़क मार्गों व पुलों का विकास नहीं होने के कारण यहां के लोग अपने ही क्षेत्र में सिमटकर रह जाते हैं। यह वही लद्दाख है, जिसे चीन हथियाना चाहता है, इसी चीन से फारूख अब्दुल्ला कश्मीर की पुरानी स्थिति को बहाल करने की गुहार लगा चुके हैं। हालांकि अब चीन के साथ भारत के संबंधों में कुछ नरमाई आई है और लद्दाख और चीन के बीच स्थित सीमा से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट रही हैं। हैरानी है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तो समझौता हो रहा है, लेकिन जो कश्मीर अखंड भारत का हिस्सा है, उसे एक बार फिर उमर अब्दुल्ला सरकार अलगाववादियों को सौंपने की तैयारी में लग गई है।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार**

# यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना का निर्माण कार्य शुरू

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के लिए बहुप्रतीक्षित रोपवे परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए यमुनोत्री स्काई कार प्राइवेट लिमिटेड की ओर से खरसाली में प्रस्तावित लोअर टर्मिनल पर भूमि पूजन किया गया। लगभग 170 करोड़ की लागत से बन रही इस रोप-वे परियोजना की कुल लंबाई 3.9 किमी होगी, जबकि क्षमता प्रति घंटे एक तरफ 580 व्यक्तियों को परिवहन करने की होगी। परियोजना पर खरसाली से यमुनोत्री धाम के बीच कुल 10 टावर स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने यमुनोत्री धाम के लिए रोप-वे निर्माण का जिम्मा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर एक निजी कंपनी यमुनोत्री स्काई कार प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। इस परियोजना का निचला टर्मिनल खरसाली और ऊपरी टर्मिनल



यमुनोत्री धाम में पुलिस चौकी के पास बनेगा। रोप-वे को छह मीटर प्रति सेकेंड की गति से संचालित करने के लिए डिजायन किया गया है और इसके खरसाली स्थित टर्मिनल से यमुनोत्री धाम स्थित टर्मिनल तक की दूरी 15 मिनट में तय की जा सकेगी। यमुनोत्री स्काई कार प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अविरल जैन ने जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट को शनिवार परियोजना पर कार्य शुरू करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहले खरसाली स्थित निचले टर्मिनल को बनाया जा रहा है। इस पर 250 कार, 30 बाइक और 40 ट्रेवलर वैन की क्षमता वाली पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कंपनी से परियोजना का कार्य समय से पूरा करने को कहा है।

# हेलीकॉप्टर का इंतजार करते रहे यात्री

उत्तरकाशी। सीमांत जनपद उत्तरकाशी के मुख्यालय को हेलीसेवा से जोड़ने के लिए गत 7 नवंबर को हेलीसेवा का उद्घाटन तो हो गया, लेकिन अभी तक हेली सेवा शुरू नहीं हो पाई है। शनिवार को पांच यात्रियों ने पहले सेवा की टिकट भी बुक कराए थे। परंतु उसके बाद भी हेलीकॉप्टर यात्रियों को लेने के लिए उत्तरकाशी नहीं पहुंचा। हेलीकॉप्टर यात्री शनिवार शाम तक हेलीपैड के पास इंतजार करते रहे। इसके बाद यात्रियों को टैक्सी बुकिंग करके देहरादून जाना पड़ा। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण अनुसार 13 नवंबर से नियमित हेली सेवा शुरू होनी थी, जो अभी शुरू नहीं हो पाई है। इसको लेकर यूकाडा ने प्रचार प्रसार भी किया गया था।भले ही यूकाडा की ओर से शनिवार को जानकारी दी गई की अब रविवार से हेली सेवा नियमित रूप से संचालित होगी। 10 दिन पहले उद्घाटन समारोह के दौरान उत्तरकाशी जोशियाड़ा हेलीपैड के पास भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इस कार्यक्रम में खूब भाषणबाजी भी हुई।उद्घाटन दिवस पर भाजपा के एक कार्यकर्त्ता को लेकर देहरादून से जोशियाड़ा हेलीपैड पर पवन हंस का हेलीकाप्टर पहुंचा। जिला प्रशासन की ओर से हेलीकाप्टर के पायलट दल व यात्री का भव्य स्वागत हुआ। फिर भाजपा कार्यकर्त्ताओं और उनके स्वजन को लेकर हेलीकाप्टर देहरादून के लिए टेकआफ हुआ।




# इंगलिश स्टोरी टैलिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन स्कूल में बच्चों के भाषायी कौशल को विकसित करने हेतु इंगलिश स्टोरी टैलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कहानियाँ प्रस्तुत की। जिसमें दि लिटिल इंजीनियर, द कैप सैलर एण्ड द मंकी, द लायन एण्ड द माउस, थ्री लिटिल पिग, सिन्ड्रेला, गोल्डन गूज आदि शामिल थे। कक्षा 1 'अ' के लक्ष्य बहुगुणा ने प्रथम, लावण्या काण्डपाल, इशान जोशी व लक्षिता बिष्ट ने द्वितीय स्थान, शिवांशी मठपाल, चित्रांशी लटवाल, वरदान कोहली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 'ब' से आव्या बिष्ट ने प्रथम, जयनिका मेहता, अरुण व आदविक गुरुरानी ने द्वितीय व दिया बोहरा, गर्वित सनवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 'अ' में फैजा जुनैद, इनाया आलम ने प्रथम स्थान, नव्या दशवानी, दक्षयायिनी बिष्ट ने द्वितीय काश्वी व दिशा मेहता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 'ब' में अरुनाभ



साह प्रथम मनसवीन कौर व अविका श्रीवास्तव द्वितीय तथा अनुकम्पा साह, श्रीयांश अरोरा, गुरसिमरन सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन सोनिया मेहता व निकिता बिष्ट ने किया निर्णायक मण्डल में रश्मि भट्ट व पूजा जोशी थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्य ममता तनेजा, कॉर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया तथा आर्शीवाद दिया कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनिता मियान, ऋचा मनचंदा, रीता राठौर, इन्द्रा जोशी, विजय पाण्डे, संजय गोस्वामी, नीरू गोयल, ऋचा वर्मा, गरिमा सिंह आदि ने योगदान दिया।

# आर्मी भर्ती को जाते युवाओं का रोडवेज में हंगामा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ में हो रही आर्मी की भर्ती को जा रहे सैकड़ों युवाओं ने आज प्रात: यहां बस सेवा न मिलने पर जमकर हंगामा किया और रोडवेज से न सिर्फ बसों का संचालन रोक दिया वहीं मुख्य मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश भी की। जिस पर पुलिस द्वारा सख्ती दिखाने पर वह मुख्य मार्ग से हट गए। आर्मी भर्ती को लेकर बस पकड़ने के चलते आज पड़ोसी राज्यों से आए सैकड़ों युवाओं की रोडवेज में अचानक भारी भीड़ जमा हो गई। इतनी बड़ी संख्या में आए युवाओं को देख



रोडवेज प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। बस न मिलने पर रोषित युवाओं ने नारेबाजी करते हुए बसों का संचालन रोक दिया। मौके पर पहुंच सिटी मजिस्ट्रेट और आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव सिंह ने मोर्चा संभालते हुए दोपहर तक रोडवेज और केमू की 34 बसों से युवाओं को पिथौरागढ़ के लिए रवाना किया गया। उसके बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में युवाओं का आने का सिलसिला जारी था।सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि पिथौरागढ़ आर्मी की ट्यूटोरियल भर्ती में भाग लेने के लिए युवा आए हैं जिनके लिए बस का इंतजाम किया जा रहा है। वहीं आरटीओ गुरदेव सिंह ने बताया कि अब तक 34 बसों में युवाओं को भेजा जा चुका है और भी बसों का इंतजाम किया जा रहा है। युवाओं द्वारा पिथौरागढ़ के लिए बस दिए जाने की मांग को लेकर हंगामा के चलते प्रशासन ने मौके पर फोर्स भी बुला ली।

# पेज एक का शेष...

**प्रदूषण मामले मे ..**निवारक उपायों को कम करने की अनुमति नहीं देंगे, भले ही ꠰ 300 से नीचे चला जाए। चरण 4 तब तक जारी रहेगा, जब तक न्यायालय इसकी अनुमति नहीं देता। पीठ ने कहा कि वह दिन के काम के अंत में मामले की विस्तार से सुनवाई करेगी। ससे पहले 14 नवंबर को शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। कोर्ट को बताया गया था कि बढ़ते प्रदूषण के कारण दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बनने की ओर बढ़ रहा है। ऐसा कतई नहीं होना चाहिए।

**सिरौली कला का ..**रहे विकास कार्यो से विधायक परेशान है । उन्होंने कहा कि मुस्लिम एरिया से भी आवाज उठने लगी है कि हमने वोट देकर गलती की, कोई काम क्षेत्र में नहीं हो रहा है कोई नया विकास नहीं हो रहा है । जनता बहुत परेशान है जहां जा रहे हैं वहां लोग कह रहे हैं विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पीछे हो गया है। इन सब बातों को सुनकर के वह बहुत ज्यादा परेशान है। उन्होंने कहा कि सिरौली कला संवैधानिक निर्णय नहीं प्रशासनिक निर्णय है। प्रशासनिक निर्णय संवैधानिक निर्णय नहीं होता होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक हर बात पर रोने लगते हैं लेकिन आप आदरणीय बनिए आप बड़े हैं तो बड़े बनकर दिखाइए। शुक्ला ने कहा किच्छा को उसका अधिकार देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मैंने शुरू कराया था वह रुक गया है। मैं चाहता हूं कि किच्छा के विकास के लिए किच्छा उत्तराखंड का महानगर बने किच्छा एक विकसित शहर बने। किच्छा में विकास के सारे आयाम सारे द्वार खुलें और यहां के लोगों को सारे अवसर मिले। यह मेरी कोशिश है । इस अवसर पर धर्मराज जायसवाल, सभासद सोनू अरोड़ा, चंदन जायसवाल ,अभिषेक तिवारी आदि भी मौजूद थे।

**खाई में गिरा..**विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने ट्रक का केबिन खोलकर चालक और परिचालक को बाहर निकाला। साथ ही दोनों को सिविल अस्पताल रुड़की में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि हादसे में ट्रक चालक आकाश पाल पुत्र विजेन्द्र निवासी सेठी खास, थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर व परिचालक विशाल पाल पुत्र सत्यपाल निवासी रामपुरी मोहल्ला, थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सुबह के समय चालक को नींद की झपकी आने से हादसा हुआ है।

**यूटयूबर सौरभ...**नकद राशि नहीं देते है तो आपको या आपके परिवार के किसी भी सदस्य को मारने का आदेश दिया गया है। पत्र में लिखा है कि हम पांच दिन तक आपके जवाब का इंतजार करेगें। यदि आपने कोई भी जवाब नही दिया या फिर पुलिस में शिकायत करने की कोशिश की या इस बात को अपने परिवार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से सांझा किया तो आपके परिवार से एक सदस्य कम हो जाऐगा। हम आपके जवाब का इंतजार करेगें और दुआ करेगें कि आप सही फैसला ले क्योकिं एक भी गलत कदम आपके परिवार की जान ले सकता है। यदि आपको हमसे बात करनी हो तो हम आपको हमारा इंस्टाग्राम आईडी दे रहे है । जिसे हमारी गैंग ऑपरेट करती है। पुलिस ने सौरभ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**यूपीसीएल के खिलाफ...**कि पावर कॉरपोरेशन के इस निर्णय से उद्योगपतियों पूंजी पतियों को फायदा पहुंचेगा जबकि गरीब दलित पिछड़े असहाय एवं मध्यम वर्ग की जनता पर इसका सीधा कुप्रभाव देखा जा सकेगा। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा की सरकार में कमर तोड़ महंगाई से जनता पहले ही त्रस्त है। जनता को दो जून की रोटी के लाले पड़े हैं ऐसे में मकान के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइनों को हटाने गलत बिलों को ठीक करने एवं विद्युत चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने की बजाय उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन क्षेत्रीय जनता को गुमराह कर उसका खून चूसने पर आमादा है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण चौहान, शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल, ब्रह्मपाल, एडवोकेट राजेश कुमार, पार्षद नजमी अंसारी, मंसूर अली मेंफेयर, हनीफ गुड्डू, सैफ मोहम्मद, नौशाद हुसैन, वाहिद हुसैन, उस्मान, शमशेर, लल्ला भैया, टिक सिंह व मंसूर अली मंसूरी समेत दर्जनों की तादात में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**चालक को पड़ा..**रामनगर निवासी मुकीम भी घायल हो गया, जबकि अन्य सभी यात्री सुरक्षित है। घायल चालक व यात्री को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है तो वहीं घटना के पास परिवहन निगम के अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हादसे की जानकारी जुटाई।

**हादसे में घायल...**गया। जहां उसकी हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया। जहां आज धर्मेन्द्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर समाजसेवी व भाजपा नेता सुरेश गौरी ने मृतक के परिवार से मिलकर धर्मेन्द्र की मौत पर दु:ख व्यक्त किया और आर्थिक मदद कर अंतिम संस्कार में सहयोग किया।

# भीषण कार हादसे के बाद 63 वाहन सीज, 250 के काटे चालान

देहरादून। ओएनजीसी चौक पर हुए हादसे के बाद पुलिस चेकिंग अभियान जारी है। इस दौरान नियमों के विरुद्ध वाहन दौड़ाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही हुड़दंग मचाने वाले कुछ युवाओं को गिरफ्तार किया गया। यही नहीं होटल में शराब पीने और पिलाने वालों का भी पुलिस ने चालान किया। रात के समय दोषपूर्ण नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वाले 60 लोगों के वाहनों को सीज किया गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। नेहरू कॉलोनी पुलिस को सूचना मिली थी कि तनिष्ठ रेस्टोरेंट शास्त्री नगर में शराब पिलाई जा रही है। इस दौरान पुलिस ने छापा मारा तो होटल स्वामी फूल सिंह निवासी सारथी विहार को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही वहां बैठकर शराब पी रहे 12 लोगों के चालान किए गए। इनमें विश्वनाथ, लोकेश, संजय बिष्ट, ऋतिक गुसाईं, कमल गुसाईं निवासी चंडीगढ़, हीरा सिंह, अभिनय, राहुल, मनोज, राजेश और शिव मंगल आदि शामिल हैं। गुच्चूपानी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर मारपीट और हुड़दंग कर रहे चार युवकों पुलिस ने पकड़ लिया। युवकों का वीडियो वायरल हुआ था, इसके बाद कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार को सीज कर दिया है। प्रियांशु निवासी करनाल, यश राणा निवासी करनाल, कुणाल निवासी मुजफ्फरनगर यूपी और सम्राट निवासी सहारनपुर यूपी के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने देर रात वाहनों की चेकिंग में दोषपूर्ण नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। इस दौरान 250 से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जबकि 60 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने रात में सामान डिलिवर करने वाली कंपनी के वाहनों को भी चेक किया। इस दौरान कई वाहनों के चालान किए गए।



# हादसे में घायल बच्ची की मौत, पिता की हालत गंभीर

विकासनगर। देहरादून के विकासनगर में हरिपुर-कोटी-मीनस राज्य राजमार्ग पर छिबरौ पावर हाउस के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई कार में घायल बच्ची की देहरादून में एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं, बच्ची के पिता की हालत भी गंभीर बनी हुई है। हादसे में कार में लिफ्ट मांग कर बैठे युवक की पहले ही मौके पर मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार कालसी ब्लॉक के दोऊ गांव निवासी जयपाल (32) का खेरूवा तुनिया खेड़ा में प्रोविजन स्टोर है। वह बीते बुधवार को खमरौली स्थित अपने ससुराल से बेटी ताशी चौहान (4) को कार में साथ लेकर अपनी दुकान की ओर जा रहे थे। छिबरौ पावर हाउस के पास कार अनियंत्रित होकर 250 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस दौरान कार में लिफ्ट मांग कर बैठे हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के कमरो तहसील के जामना निवासी अंकित (25) पुत्र दिलीप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि, जयपाल और ताशी चौहान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को देहरादून स्थित हायर सेंटर में भर्ती करवाया गया था। रविवार सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान ताशी चौहान ने दम तोड़ दिया। ताशी चौहान के पिता का उपचार भी वेंटिलेटर पर चल रहा है। थाना प्रभारी भुवनचंद पुजारी ने बताया कि कार मालिक की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शिक्षा, धन और शक्ति का होना चाहिए सदुपयोग : मोहन भागवत





## आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने पिथौरागढ़ में शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार परिसर मुवानी का लोकार्पण किया,बोले: खेती को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनेंगे लोग

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। पिथौरागढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार परिसर, मुवानी का लोकार्पण किया। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत का शेर सिंह कार्की सरस्वती विहार मुवानी में भव्य स्वागत किया गया। मोहन भागवत 16 से 19 नवंबर तक अपने प्रवास पर पिथौरागढ़ पहुंचे हैं। स्कूली बच्चों ने बैंड परेड से स्वागत किया। सबसे पहले उन्होंने शेर सिंह कार्की की समाधि स्थल के पास चंदन का पौधा लगाया। स्वर्गीय शेर सिंह की फोटो में माल्यार्पण कर उन्होंने नव निर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। उसके बाद वे थल, डीडीहाट,बेड़ीनाग, मुनस्यारी, धारचूला, पांखू, पिथौरागढ़,बागेश्वर से पहुंचे लोगों और जोहार शौका संस्कृति महिलाओं और रं संस्कृति की महिलाओं का अभिवादन स्वीकार करने के बाद खचाखच भरे अरुण अम्बानी सभागार में पहुंचे। उन्होंने पलायन को रोकने के लिए खेती करने पर जोर दिया। कहा कि इसी को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बना जा सकता है। शिक्षा मिलने के बाद उसका उपयोग दूसरे को अच्छी शिक्षा देने में करना चाहिए। कालांतर में बड़े-बड़े ऋषि और अनपढ़ लोगों ने महान कार्य किए हैं, यदि वो ज्यादा पढ़े लिखे होते तो कितना और पुण्य और महान कार्य करते। उन्होंने कहा अच्छी और उच्च शिक्षा लेकर समाज में उसका प्रसार कर दूसरों के लिए विद्या का उपयोग और सदुपयोग करना चाहिए। विद्या का उपयोग दूसरों को अपनी शिक्षा बांटने और उस शिक्षा से कमाए धन को दान करने और अपनी शक्ति का उपयोग उसकी सुरक्षा के लिए करने से ही शिक्षा का सही सदुपयोग होता है। इस दौरान पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी भी मौजूद रहे। कुलपति ओम प्रकाश सिंह नेगी ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के बृहद शिक्षा के उद्देश्य और उसकी योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्व का



कोई भी देश दस प्रतिशत से अधिक नौकरी नहीं दे सकता है। शिक्षा का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जिससे कुछ करने के लिए प्रेरित होकर मनुष्य ऐसा कर्म करे जिससे स्वावलंबी बने और समाज उसके इस कार्य को स्वीकार्यता दे। मनुष्य को जीवन जीने के लिए सुख, समृद्धि चाहिए। भागवत ने कहा कि व्यक्ति अपने हाथों से ही अपना भविष्य तय करता है। इसके लिए प्रयास आवश्यक हैं। संपूर्ण शिक्षा की आवश्यकता है, जिससे स्वावलंबन पैदा हो। उन्होंने भारतीय परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि विद्या और ध न दान के लिए होता है और शक्ति दुर्बलों की मदद के लिए होती है। शिक्षा, धन और शक्ति का सदुपयोग होना चाहिए। यही संस्कार हैं और सामाजिकता समरसता बढ़ाते हैं। शक्ति का प्रयोग आक्रमण के लिए करना दुरुपयोग है। सरकार आजीविका के लिए प्रशिक्षण दे सकती है, मगर समाज भी सीख देता है। समाज में अच्छा कार्य करने वाले से सभी सीख लेते हैं। उन्होंने विद्या भारती की शिक्षा पर बोलते हुए कहा कि शिक्षा वही है जो ज्ञान और संस्कार देती है। शास्त्रों में भी यही उल्लेख है। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने हिमालय की भूमि को तपोभूमि, ऋषि-मुनियों की भूमि बताते हुए की। तपस्या के महत्व पर कहानी सुनाते हुए कहा कि तपस्वी के तप का फल तपस्वी से अधिक अन्य लोगों को मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने की। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने स्वागत उद्बोधन किया। श्री कोश्यारी ने कहा कि राष्ट्र सेवा में समर्पित, समाज सुधारक, अंत्योदय के लिए जीवन समर्पित करने वाले, हम सभी के पथ प्रदर्शक, आदरणीय सरसंघचालक जी के कर कमलों से इस विद्यालय परिसर का शुभारंभ होना न केवल क्षेत्र अपितु पूरे समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण है। सरसंघ चालक जी के दृष्टिकोण अनुरूप यह विद्यालय दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र में शिक्षा की नई अलख जगाएगा। यह हमारे समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखे जाने का भी प्रतीक है। निश्चित तौर पर इस विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन में राष्ट्र प्रेम, संस्कार और सेवा भावना जागृत होगी। संघ के एक सामान्य से स्वयंसेवक के आग्रह पर आदरणीय सरसंघचालक जी हम सभी के बीच में आए इस हेतु मैं उनका हृदय की गहराइयों से उनका आभार व्यक्त करता हूं। उनकी इस महानता को देखकर मैं कृतज्ञ और भावुक हूं। आदरणीय सरसंघचालक जी ने हमें सदैव समाज के समग्र विकास के लिए अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया है। सरसंघचालक जी का यह आशीर्वाद हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और हम सब मिलकर इस विद्यालय को समाज में सेवा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाएंगे।

# प्रतापपुर क्षेत्र में दबंगों का तांडव

## नाबालिग से बनाया जा रहा था शादी का दबाव ,मौत के घाट उतारने की धमकी

काशीपुर(उद संवाददातार) । प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में ताबड़तोड़ तरीके से अपराधी घटनाएं घटित हो रही है। पुलिस इस पर अंकुश लगाने में नाकाम है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करें तो शोहदे की भेजो हरकतों से एक किशोरी बेहद परेशान है। उसके परिजनों का आरोप है कि शरारती टाइप युवक नाबालिग से जबरदस्ती शादी बनाने का दबाव बना रहा है। अलग इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी उसके भाई तथा कुछ अन्य उसके साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन क्षेत्र में तेजी से बढ़ते आपराधिक ग्राफ को क्या कम किया जा सकेगा यह ज्वलंत प्रश्न है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया किप्रतापपुर निवासी नितिन पुत्र रणवीर उसकी 17 साल की नाबालिग पुत्री पर गलत निगाह रखता है और आये दिन उसकी पुत्री को आते-जाते परेशान करता रहता है। बीते 11 नवंबर को जब वह अपनी पुत्री के साथ अपनी बड़ी लडकी के यहां जा रही थी तो उक्त नितिन ने 3-4 लड़कों के साथ उनका पीछा किया था और किशोरी को बलपूर्वक अगवा करने की कोशिश की थी। महिला का रूप है कि 15 नवंबर की सुबह लगभग 8:00 बजे नितिन व उसका भाई बितिन पुत्रगण रणवीर, रोहित व अजय पुत्र नामालूम अंकित पुत्र अशोक, व गंगो पत्नि अशोक निवासीगण वसुन्धरा कालोनी, राजपूताना रोड के पास, जगदम्बा राईस मिल, प्रतापपुर, काशीपुर उसके घर पर आये, उन सबके हाथों में सरिये थे। वे उससे कहने लगे कि अपनी लडकी की शादी नितिन के साथ कर दो। जब उसने कहा कि हम अपनी लड़की की शादी तेरे साथ नहीं कर सकते हैं तो वे आग बबूला हो गये और गंदी-गंदी गालियां देने लगे और उसके बेटे को जान से मारने की नीयत से बुरी तरीके से मारा पीटा जिससे उसके बेटे के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने उसके साथ भी धक्का-मुक्की की और उसके पति को भी धक्का देकर नीचे गिरा दिया।महिला ने बताया कि जान आफत में देख जब उसने शोर मचाया तो पड़ोस के बहुत से लोग आ गये, जिन्होंने बीच बचाव कराया। मौहल्ले के लोगों को आता देखकर उपरोक्त सभी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। जिसके बाद वह आनन-फानन में अपने पुत्र को लेकर सरकारी अस्पताल, काशीपुर आयी जहां से उसे अन्य अस्पताल में रेफर कर दिया। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर बेहद दहशत में है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नितिन, बितन, रोहित, अजय और अंकित के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पुलिस पर अवैध वसूली में लिप्त होने का आरोप

काशीपुर। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि लापरवाह पुलिसिंग के कारण अपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के बिक्री की सूचना है। इसके अलावा प्रतापपुर बाजार में शाम से लेकर देर रात तक मांसाहारी खाद्यान्न के होटल ठेलों पर शराबियों की जमघट लगती है। बाजार में झगड़ा फसाद मारपीट गाली गलौज की घटनाएं आम हो चुकी है। लोगों का आरोप है कि पुलिस अवैध वसूली में लिप्त है।

# जसपुर में स्मैक समेत छह नशेड़ी गिरफ्तार

जसपुर(उद संवाददाता)। स्मैक का नशा करते हुए पुलिस ने चांद मस्जिद के पास से आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नशेड़ियों के कब्जे से हजारों रुपए कीमत की स्मैक भी बरामद हुई। जानकारी के मुताबिक बीते दिवस पुलिस टीम मौहल्ला चाँद मस्जिद में गली नम्बर 7 में पहुँची और किरायेदारों की जानकारी करने लगे। जैसै ही वे गली में एक खुले दरवाजे वाले घर के सामने पहुँचे तो उस घर की गैलरी के अन्दर 6 व्यक्ति फर्श पर चौकड़ी लगाकर एक साथ बैठे हुए थे और लाईटर जलाकर फॉइल पेपर से कुछ नशा कर रहे थे। जिस पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। मौके से पुलिस टीम को गैलरी के फर्श पर 100-100 के नोट, एक बीड़ी का बंडल, इस्तेमाल फॉइल पेपर आदि बरामद हुए। एसएसआई ने बताया कि उक्त सभी 6 लोगों के पास से कुल 10.03 ग्राम स्मैक बरामद होने के कारण सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 27, 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच एसआई कृष्ण चन्द्र आर्या के सुपुर्द की गई है। वहीं कटोराताल चौकी क्षेत्र एवं बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में तमाम कोशिशें के बाद भी नशे के कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नशे की बढ़ती चालान के कारण युवा पीढ़ी लगातार गर्त में जा रही है। पीएम हाउस के समीप मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती में भाभी नामक महिला बड़े पैमाने पर चरण बेचने का काम करती बताई जा रही है। इसी तरह मोहल्ला अल्ली खां में सलीम समेत दर्जनों नशा कारोबारी सल्फा और स्मैक की अलग-अलग स्थान पर बिक्री करते बताए जा रहे हैं। ऑनलाइन ऑफलाइन सट्टा भी खेलाया जा रहा है।